Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding better infrastructure facilities at Prayagraj Airport, Uttar Pradesh-laid.

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर): मैं सरकार का ध्यान प्रयागराज स्थित एयरपोर्ट जिसका उद्‌घाटन मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया था, की समस्याओं की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूं । उक्त एयरपोर्ट में यात्रियों की संख्या काफी बढ़ गई है, जिससे टर्मिनल बिल्डिंग छोटी पड़ रही है एवं एयर ब्रिजों की संख्या भी कम है, जिनको बढ़ाने की एवं एक सेरेमोनियल लाउन्ज के निर्माण की भी आवश्यकता है।

एयरपोर्ट में नाइट लैडिंग हेतु रनवे लाइट की सुविधा वायुसेना द्वारा वांछित हैं । आर0सी0एस0 उड़ान योजना के अंतर्गत जेट एयरवेज को आवंटित की गई इंदौर, नागपुर, पटना एवं लखनऊ की उड़ाने बंद है एवं इंडिगो द्वारा भी भोपाल, देहरादून व भुवनेश्वर की उड़ाने अभी तक प्रारम्भ नहीं की जा सकी हैं।

कृपया इन्हें तत्काल प्रारंभ किये जाने की आवश्यकता है । एयरपोर्ट में पहुँचने के लिए निर्माणधीन भगवतपुर-बेगम बाजार रेलवे ओवर ब्रिज जिसका निर्माण लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है एवं वायुसेना की एन0ओ0सी0 न मिलने की वजह से रूका पड़ा है, का कार्य भी तत्काल पूर्ण करवाने की कृपा करें।